... सिर्फ सच का साथ

जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 15 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 269 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

खतरे में वांगचुक की जान!

हाईकोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

- शिक्षा मंत्री को हटाने के लिए जंतर-मंतर पर दे रहे धरना
- लगातार बिगड़ती जा रही है एक्टिविस्ट की तबीयत
- दाखिल याचिका में फोर्स फीडिंग की मांग

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने कल तक जवाब देने को कहा है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खण्डपीठ सुनवाई कर रही थी। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उनकी जान बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर उन्हें जबरन भोजन (फोर्स-फीडिंग) दिया जाए। दायर याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकारों को वांगचुक को जबरन खाना खिलाने के निर्देश देने की मांग की गई है। बता दें कि सोनम वांगचुक दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे हैं। यहां उनके भूख हड़ताल को 18 दिन हो चुके हैं। वे कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक के समर्थन में अनशन पर बैठे हैं। पार्टी संस्थापक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि मई में हुई परीक्षा पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्र प्रभावित हुए। वांगचुक की बिगड़ती सेहत को लेकर चिंता जताई जा रही है। उनका शरीर लगातार कमजोर हो रहा है, मांसपेशियों में दर्द है और उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो चुका है। उनका ब्लड प्रेशर 109/70 दर्ज किया गया है। हजारों समर्थक उनसे अनशन समाप्त करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग हैं। उधर, सीजेपी ने घोषणा की है कि वह संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, यानी 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद भवन तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकालेगी। सीजेपी ने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की है। इस आंदोलन की मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है।

कांग्रेस ने ममता को दिया शहीद दिवस में शामिल होने का सशर्त न्योता

कोलकाता। रिश्तों में सुधार का संकेत देते हुए कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शहीद दिवस कार्यक्रम का न्योता भेजा है। यह कार्यक्रम कोलकाता में होना है। हालांकि, यह निमंत्रण इस शर्त के साथ दिया गया था कि उन्हें सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार करना होगा कि लगभग तीन दशक पहले कांग्रेस छोड़ना एक गलती थी। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि अगर ममता बनर्जी में सच में हिम्मत है तो उन्हें इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करना चाहिए। उन्हें यह मानना चाहिए कि उन्होंने अतीत में एक गलत राजनीतिक फैसला लिया था। शहीद मीनार में हमारे कार्यक्रम में उनका स्वागत है और वह शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकती हैं।'

मणिपुर में तलाशी अभियान के बाद असम राइफल्स के कैंप पर हमला

इंफाल। मणिपुर के सेनापति जिले में एक इलाके में तलाशी अभियान चलाए जाने के कुछ घंटों बाद भीड़ ने असम राइफल्स के कैंप पर हमला किया, पत्थर फेंके और कैंप के बाहर सुरक्षाकर्मियों की तीन गाड़ियों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हिंसा मंगलवार रात 9.30 बजे पैरामिलिट्री फोर्स के जिला मुख्यालय वाले कैंप में हुई। इसके बाद सुरक्षा बलों द्वारा आंसू गैस के गोले दागने और आधी रात तक भीड़ को तितर-बितर करने के बाद स्थिति को काबू में किया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और सेनापति जिले में स्थिति अब शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

बांकीपुर उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर को बड़ा झटका

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के कई प्रमुख चेहरे बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने वालों में बिहार के शिक्षा जगत का चर्चित नाम और गणितविद् प्रो. केसी सिन्हा, दीघा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी बिट्टू सिंह और मनेर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी गोपाल सिंह शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बांकीपुर उपचुनाव के बीच जन सुराज के प्रमुख चेहरों का भाजपा में जाना प्रशांत किशोर के लिए बड़ा झटका है।

मेरठ में 815 घरों को गिराने का आदेश

- पूजा-पाठ, आंदोलन काम नहीं आया, बिलख-बिलख कर रोईं महिलाएं

मेरठ। मेरठ की सेंट्रल मार्केट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने 44 सील संपत्तियों से अवैध निर्माण और 815 घरों के आगे का अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। मंगलवार दोपहर 3 बजे सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसका पता चलते ही 89 दिनों से धरने पर बैठी महिलाएं फूट-फूटकर रोने लगीं। कहने लगीं-3 महीने के आंदोलन, पूजा-पाठ और जनप्रतिनिधियों से गुहार के बाद भी कोई राहत नहीं मिली। सरकार गूंगी-बहरी हो गई है। सरकार ने हमें सड़क पर ला दिया। हमारा सब कुछ खत्म हो गया। अब इस उम्र में दोबारा घर कहां बनाएंगे? अब कहां जाएंगे? ऐसी जिंदगी से तो अच्छा है, हमें मार दो। कोर्ट ने मेरठ के अन्य आवासीय इलाकों में भी नियमों के खिलाफ चल रही व्यावसायिक गतिविधियों की जांच कराने का निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को सितंबर तक रिपोर्ट पेश करनी होगी।

नोएडा के ममूरा गांव में लगी भीषण आग, दो की मौत, कई परिवार फंसे

नोएडा। नोएडा के मामूरा स्थित सेक्टर-66 में एक पांच मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है। आग की चपेट में कई परिवारों के आने और दो लोगों के मौत की खबर है। यह आग नोएडा के फेज-3 थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में लगी। एक इलेक्ट्रिक बाइक में स्पार्किंग होने से आग भड़कने की खबर है। आग इतनी भीषण थी कि तेजी से पूरे पांच मंजिला मकान में फैल गई। इससे करीब 50 परिवार मकान के अंदर फंस गए। फायर विभाग ने तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया। दमकल कर्मी कड़ी मशक्कत कर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रही है।

रूसी तेल खरीदने वालों पर कार्रवाई की तैयारी

- भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

कई देश ट्रंप के निशाने पर

वॉशिंगटन। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के शुरुआती मसौदे में 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है।

भारतीय शेयर बाजार में बढ़त सेंसेक्स 550 अंक उछला

नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित नरमी के बाद वैश्विक बाजारों को बढ़ावा मिला। इससे फेड की ब्याज दर में बढ़ोतरी की उम्मीदें कम हो गईं। सेंसेक्स 564.20 (0.73₹) बढ़कर 77,619.14 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 142.05 (0.59₹) की बढ़त के साथ 24,194.10 अंक पर कारोबार करता दिखा। अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों ने सकारात्मक रुझान दिखाया। यह बाजार में व्यापक खरीदारी का संकेत था। वित्तीय, निजी बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और रसायन क्षेत्र बढ़त में रहे। ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और उपभोक्ता केंद्रित क्षेत्र भी मजबूत बने रहे। सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और मीडिया क्षेत्रों ने कमजोर प्रदर्शन किया। ये क्षेत्र बाजार की सकारात्मक धारणा के बीच कमजोरी के एकमात्र क्षेत्र बनकर उभरे। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे मजबूत होकर 96.10 पर पहुंच गया।



अमेरिका ने की लगातार चौथे दिन ईरान पर बमबारी

- ट्रंप ने कहा- हमला जारी रहेगा अगला निशाना बिजली घर और पुल

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने देर रात लगातार चौथे दिन ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसके साथ ही ईरानी बंदरगाहों की समुद्री नाकेबंदी भी शुरू कर दी है। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए की कहा, 'हम बुधवार सुबह भी हमला करेंगे, उसके अगले दिन भी करेंगे और तब तक करेंगे जब तक कि ईरान समझौते के लिए तैयार नहीं हो जाता। अगले हफ्ते ईरान के बिजलीघर और पुल भी निशाने पर होंगे। अगर समझौता नहीं किया, तो वहां कुछ नहीं बचेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर जमीनी सैन्य अभियान भी चलाया जा सकता है, हालांकि इसके लिए सहयोगी देशों की मदद ली जाएगी।

भारत-यूके के बीच नये युग की शुरूआत

- व्हिस्की, कार, कपड़ा और जूता होगा सस्ता

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज से प्रभावी

नई दिल्ली। भारत में UK की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर आज से सस्ते मिलेंगे। आज से भारत-UK के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। यानी अब भारत के 99 प्रतिशत सामानों को UK में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं UK के 99 प्रतिशत सामान 3 प्रतिशत एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर

तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे। भारत और ब्रिटेन के बीच 24 जुलाई 2025 को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ था। ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने कहा यह आधुनिक यूके-भारत पार्टनरशिप के लिए ऐतिहासिक पल है। यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए ग्रोथ के नए युग की शुरुआत करेगा।'

जनमुख
हिन्दी दैनिक
लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 15 जुलाई, बुधवार, 2026 (3)



देश में समान शिक्षा की मांग को लेकर मुंशी प्रेमचंद के गांव लमही से निकली पदयात्रा का गंजारी में किया गया स्वागत : जनमुख डेस्क

त्रिदिवसीय रथयात्रा मेला कल से

शहर के कई मार्गों पर रूट डायवर्जन

● महमूरगंज आकाशवाणी तिराहे से नो व्हीकल जोन लागू

वाराणसी। नगर में कल से रथयात्रा का तीन दिवसीय मेला प्रारंभ हो जाएगा। यह मेला गुरुबाग-रथयात्रा चौराहा-महमूरगंज मार्ग पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल 16 जुलाई से 18 जुलाई तक लगाया जाएगा। रथयात्रा मेले को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। 16 से 18 जुलाई तक इस मेले के दौरान आकाशवाणी तिराहे और आशीर्वाद हॉस्पिटल मोड़ से रथयात्रा चौराहे तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एंबुलेंस, शव वाहन और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से पूरी तरह छूट रहेगी। एडीसीपी यातायात अंशुमान मिश्रा ने बताया शहर के अंदर के रूटों पर डायवर्जन लागू किया गया है। भेलूपुर चौराहे से रथयात्रा जाने वाले वाहनों को कमच्छा तिराहे से खोजवां की तरफ मोड़ दिया जाएगा, जो साईं मंदिर और आकाशवाणी तिराहे से होते हुए महमूरगंज के रास्ते आ-जा सकेंगे। नीमामाई तिराहे से वाहनों को हनुमान मंदिर तिराहे (रथयात्रा) से आशीर्वाद हॉस्पिटल मोड़ की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। गुरुबाग तिराहे से जाने वाले वाहनों को नीमामाई तिराहे की तरफ मोड़ दिया जाएगा। आशीर्वाद हॉस्पिटल मोड़ व महमूरगंज की तरफ से किसी भी प्रकार के वाहन को रथयात्रा चौराहे की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। इन्हें आकाशवाणी तिराहे, महमूरगंज तिराहे और मंडुआडीह चौराहे की तरफ भेजा जाएगा।

कमजोर मानसून का असर खेती पर

● बादलों की बेवफाई से किसानों में बेचैनी, उमस से जनमानस बेहाल

वाराणसी। वाराणसी में आज सुबह कई स्थानों पर तेज हवाएं चलीं और कुछ स्थानों मामूली छींटे भी पड़े लेकिन उसके थोड़ी ही देर बाद तीखी धूप निकल आयी। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। हवा में नमी का स्तर 75 से 80 प्रतिशत के बीच रहने के कारण दिनभर तेज उमस महसूस की गई। कभी हल्के बादल छाए रहे तो कभी तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी और बेचैनी का सामना करना पड़ा। मानसून कमजोर पड़ने का असर खेती पर भी दिखाई देने लगा है। धान, मक्का, अरहर, तिल और सब्जियों की फसलों को इस समय पर्याप्त नमी की आवश्यकता होती है। लगातार बारिश नहीं होने से खेतों की ऊपरी सतह सूखने लगी है। मौसम में बदलाव और संभावित बारिश को देखते हुए उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान देखकर ही करें। जिन किसानों की धान की रोपाई अभी बाकी है, वे 19 जुलाई के आसपास संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए खेतों की तैयारी पूरी रखें।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत शिनाख्त नहीं

वाराणसी। लोहता थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के पास सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ग्रामीणों की मदद से मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है कि यह महज एक दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है

पढ़ी-लिखी लड़की : रोशनी है घर की

● स्कूल चलो अभियान के तहत हरहुआ में निकली रैली

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। हरहुआ विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय और कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वितीय से बुधवार सुबह 'स्कूल चलो अभियान' और 'निपुण महोत्सव' के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक करना था।सुबह करीब 8:30 बजे विद्यालय परिसर से शुरू हुई इस रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लिए कतारबद्ध होकर हरहुआ डीह की गलियों से गुजरे। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए आकर्षक नारे लगाए। रैली में गूंज रहे नारों में पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी है घर की', 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है', 'कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार', 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे' और 'दीप से दीप जलाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे' जैसे संदेश लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। रैली के दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों से अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में नामांकन कराने तथा उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की गई।

चौखंभा काठ की हवेली से निकलेगी बाबा कालभैरव की शोभायात्रा

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। बाबा कालभैरव की 72 वर्ष प्राचीन स्वर्ण-रजत प्रतिमा को शोभायात्रा गुरुवार को निकाली जाएगी। चौखंभा स्थित काठ की हवेली से निकलने वाली यात्रा में देवों के स्वरूप शामिल होंगे। पहली बार मां वैष्णो की झांकी भी बाबा की अगुवाई में निकाली जाएगी। स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम सेठ बच्चा ने बताया कि सुबह सात बजे काठ की हवेली से यात्रा का शुभारम्भ होगा। फूलों से सजे रथ पर बाबा कालभैरव की स्वर्ण-रजत प्रतिमा विराजमान रहेगी। संस्थापक किशुन सेठ और भीखू सिंह की तस्वीरें भी फूलों से सजी रहेंगी। शोभायात्रा में मां वैष्णो, राम-लक्ष्मण हनुमान के साथ ही शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण और मां काली की झांकियां भी शामिल रहेंगी। नीरज सेठ के नेतृत्व में कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। शोभायात्रा के कुशल संचालन के लिए जनार्दन वर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनायी गयी है। नागरिक सुरक्षा के पोस्ट वार्डेन धर्मेन्द्र गौतम भी सहयोग करेंगे।

खेवली गांव से निकल कर गंजारी पहुंची पदयात्रा

● स्थानीय ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। समान शिक्षा की मांग के साथ निकली पदयात्रा जनकवि धूमिल के जन्मस्थली खेवली से निकलकर गांव गांव घूमती हुई लोकबंधु राजनारायण के जन्मस्थली गंजारी गांव पहुंची। जहां लोक बन्धु राजनारायण के भतीजा सुभाष सिंह, किसान नेता वर्मा,विनय, राजेश प्रजापति, हरपुर के ग्राम प्रधान शिवकुमार राजभर, गंजारी ग्राम प्रधान अमित कुमार ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। किसानों मजदूरों के बीच पदयात्रा में शामिल लोगों ने प्राइवेट और मंहगी पढ़ाई के नुकसान और प्रभाव को देखा। सार्वजनिक और निःशुल्क पढ़ाई की कितनी जरूरत है इसे भी समझा गया। ज्ञातव्य है कि 'चाहे अमीर की हो या गरीब की संतान, सबकी शिक्षा हो समान' के संकल्प के साथ निकली मुंशी प्रेमचंद–सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' लोकबंधु राजनारायण, आचार्य नरेन्द्र देव पदयात्रा का दूसरा दिन कोरौती गाँव से प्रारंभ हुआ। विभिन्न गाँवों से गुजरते हुए पदयात्रा लोकबंधु राजनारायण की जन्मस्थली गंजारी पहुँची, जहाँ किसानो और मजदूरों के बीच सभा आयोजित की गई। लोक समिति संया दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में आश्चर्यजनक तौर से 18,727 सरकारी विद्यालय बंद कर दिए गए हैं। इसके विपरीत निजी विद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गंजारी पहुँचकर पदयात्रियों ने लोकबंधु राजनारायण को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके समाजवादी भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया।

गोपी-राधा कॉलेज की बस अब चितईपुर तक चलेगी

● पार्षद ने किया नई बस का शुभारंभ

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। रवींद्रपुरी स्थित गोपी राधा प्राइमरी स्कूल एवं गर्ल्स इण्टर कॉलेज में छात्राओं की परिवहन सेवा में नई बस का शुभारंभ किया गया। बस का उद्घाटन दुर्गाकुण्ड के पार्षद अक्षयवर सिंह ने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस यह बस सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित और आरामदायक सफर प्रदान करेगी। नई बस के आने से अब विद्यालय की परिवहन सेवा चितईपुर तक प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डा. मनोज कुमार शाह ने अतिथियों का स्वागत व निदेशिका डा. शालिनी शाह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी स्मृति साह, उप प्रबन्धक डा. अभिनव भट्ट, प्रभारी प्रधानाचार्या मृदुला ने विचार व्यक्त किये। बच्चे नए बस में बैठकर खुश हुए।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

पर्ची-पोस्टर चिपकाने वालों की आयी शामत

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। शहर में दीवारों पर बवासीर, भगन्दर, दाद-खाज, शीघ्र पतन, हाइड्रोसील, सफेद दाग एवं गुप्त रोग के इलाज संबंधित पोस्टर-पर्ची चिपकाने वालों की भी अब नगर निगम खबर लेगा। नगर की खूबसूरती को बिगाड़ने वाले अवैध पोस्टर, बैनर और वॉल पेंटिंग को लेकर निगम के अफसरान अब बेहद गंभीर हो गये हैं। पेंटिंग कर प्रचार-प्रसार करने वाली संस्थाओं पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। अब बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थानों और दीवारों पर पोस्टर-पर्ची, हैण्डबिल चिपकाने या पेंटिंग करने वालों की खैर नहीं होगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि शहर की दीवारों को गंदा करने और यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अवैध होर्डिंग्स व पोस्टरों के खिलाफ जल्द ही एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

रथयात्रा मेले में एक भी प्लास्टिक नहीं दिखायी देना चाहिए, निगम भरवाएगा शपथ-पत्र

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। रथयात्रा मेले को इस बार नगर निगम ने पूरी तरह स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक (पॉलीथिन) मुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में निगम तीन दिवसीय मेले के दौरान मार्ग पर लगने वाली सभी अस्थायी दुकानों, ठेलों और गुमटी संचालकों से एक शपथ पत्र लेगा। इसमें दुकानदारों को सौगन्ध उठाते हुए घोषणा करनी होगी कि वे अपनी दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक या पॉलीथिन का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करेंगे।

अदालत के आदेश को दरकिनार कर हटाया गया वेंडरों को!

स्ट्रीट वेंडरों के आजीविका की रक्षा के लिए बनाए गए कानून की धज्जियां बिखर गयीं

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्ट्रीट वेंडरों के मामले में पारित नवीनतम आदेश ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया है कि वाराणसी में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने गरीब मेहनतकश रेहड़ी-पटरी व्यापारियों के साथ कानून के बजाय दमन का रास्ता अपनाया है। लंका गुमटी व्यवसाई संघ ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका की रक्षा के लिए संसद ने स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं सड़क विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 बनाया और जिनके संबंध में उच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट निर्देश दे चुका था कि विधि के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी, उन्हीं वेंडरों को कथित रूप से बिना समुचित प्रक्रिया अपनाए हटाया गया। अब न्यायालय ने राज्य सरकार से अभिलेख सहित यह स्पष्ट करने को कहा है कि संबंधित वेंडरों को वेंडिंग जोन में स्थान आवंटित था या नहीं तथा उनके दस्तावेजों की वास्तविक स्थिति क्या है? यह आदेश स्वयं इस बात का संकेत है कि प्रशासन के दावों और वेंडरों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के बीच गंभीर अंतर मौजूद है, जिसकी न्यायिक जांच आवश्यक है।

● उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद निगम और प्रशासन के अफसरान मनमानी पर उतारू, हमारे साथ किया जाता है अपराधियों जैसा व्यवहार–लंका गुमटी व्यवसायी संघ

वाराणसी नगर निगम और पुलिस प्रशासन को यह समझना होगा कि गरीब की रोज़ी-रोटी पर हमला किसी भी शहर को स्मार्ट नहीं बनाता। शहर की सुंदरता के नाम पर मेहनतकशों को उजाड़ना विकास नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय है। फुटपाथ पर अपना परिवार पालने वाले लोगों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार लोकतांत्रिक शासन की पहचान नहीं हो सकता।

मीरजापुर समाचार

पति के दूसरी शादी करने के शक में बच्चों को जहर देकर खुद भी खाया, तीन की मौत

मड़िहान (मीरजापुर)। पति के दूसरी शादी करने के शक और मायके से ससुराल न ले जाने से आहत कुसुम (38) ने सोमवार की रात साढ़े नौ बजे तीन बच्चों को सब्जी-चावल में जहर मिलाकर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इसमें कुसुम, बेटी राधिका (10) और बेटे सत्या (8) की मौत हो गई। बेटी मधु (12) की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कुसुम के पति धर्मेंद्र धरकार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। संतनगर के शीतलगढ़ गांव निवासी भाई धीरज उर्फ छोटू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बहन कुसुम का विवाह 18 साल पहले मड़िहान के परसौना गांव निवासी धर्मेंद्र धरकार से हुआ था। दोनों की तीन बेटियों सुनैना, मधु, राधिका के अलावा बेटा सत्या (8) है। पांच साल से धर्मेंद्र दिल्ली के शिकोहाबाद में मजदूरी कर रहा है। छह महीने पहले किसी महिला के साथ सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र की पोस्ट वायरल होने के बाद कुसुम को पति के दूसरी शादी करने का शक होने लगा। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। धीरज ने बताया कि 10 जुलाई को पति से विवाद के बाद कुसुम अपने बच्चों मधु, राधिका और सत्या को लेकर शीतलगढ़ स्थित मायके चली गई।

बलिया समाचार

पुणे में क्रेन से गिरकर बलिया के युवक की मौत

चौकियामोड़। उभांव थाना क्षेत्र के पिपरौली बड़ागांव निवासी एक युवक की महाराष्ट्र के पुणे में हादसे में मौत हो गई। मंगलवार को एंबुलेंस से शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिपरौली बड़ागांव निवासी राहुल प्रसाद (30) पुणे के शिक्रापुर स्थित मेटा लिमिटेड प्राइवेट कंपनी में मैकेनिकल फिटर (क्रेन ऑपरेटर) के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार रविवार को वह ड्यूटी के दौरान क्रेन पर चढ़कर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहुल अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनकी तीनों बहनों का विवाह हो चुका है। राहुल अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बेटियों को छोड़ गए हैं।

मऊ समाचार

मऊ से कोलकाता के बीच 24 सितंबर तक चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

मऊ। मऊ से कोलकाता के लिए 24 सितंबर तक समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन 22 जुलाई से 23 सितंबर तक हर बुधवार की दोपहर मऊ से रवाना होगी और 23 जुलाई से 24 सितंबर तक हर बृहस्पतिवार को कोलकाता से भी दोपहर में मऊ के लिए रवाना होगी। कोलकाता से मऊ आने के लिए यह चौथी ट्रेन होगी। इसके अलावा कोलकाता वीकली एक्सप्रेस, पूर्वांचल एक्सप्रेस और शालिमार एक्सप्रेस हैं।

इस ट्रेन के चलने से जिले के बुनकरों और कपड़ा व्यापारियों को सहूलियत मिलेगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि यह ट्रेन पहले से चलाई जा रही है। मांग और इस रूट की ट्रेनों में अधिक भीड़ को देखते हुए इस ट्रेन को सितंबर माह तक चलाने का फैसला लिया गया है।

कोलकाता समर स्पेशल (05096) हर बुधवार की दोपहर 1:30 बजे प्लेटफार्म नंबर एक से रवाना होगी।

बेल्थरारोड, सलेमपुर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा, एकमा, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किउल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चितरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बंदेल, नैहाती होते हुए अगले दिन सुबह 8:90 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

मऊ समर स्पेशल (05095) बृहस्पतिवार की दोपहर 1:20 बजे कोलकाता से रवाना होगी और इसी रास्ते अगले दिन 7:45 बजे मऊ पहुंचेगी।

देवरिया समाचार

सऊदी अरब रह रहे शख्स की मौत, परिवार में मची चीख-पुकार

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के नरौली खेम गांव निवासी 56 वर्षीय असरफ अंसारी की सऊदी अरब में मौत हो गई है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। अब परिजन शव आने का इंतजार कर रहे हैं। तीन साल पहले तीसरी बार सऊदी अरब गए थे। वह अक्तूबर में भतीजे के शादी में घर आने वाले थे। जानकारी के अनुसार, नरौली खेम गांव निवासी असरफ अंसारी छह भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। करीब 10 साल से लगातार सऊदी अरब में रहकर मजदूरी करते थे। करीब तीन साल पहले ही वह तीसरी बार सऊदी अरब गए थे। बताया जा रहा है कि रविवार की रात में अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ। इसके बाद वहां के मालिक ने उन्हें अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

भदोही समाचार

कचरा उठान में किसी तरह की लापरवाही न हो : डीएम

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं कूड़ा निस्तारण की समीक्षा की। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया। स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान रखा जाए।

लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम ने निकायों के आरआरसी सेंटर के नियमित संचालन का निर्देश दिया। कहा कि कचरा उठान में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। कहा कि सड़क, चौराहे, बाजार, सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। नगरों को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखना निकायों की जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही अक्षम्य नहीं होगा। कहा कि प्रत्येक घर से डोर-टू-डोर सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कराया जाए, वैज्ञानिक एवं मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप उसका समुचित निस्तारण किया जाए। प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। प्रतिबंधित पॉलिथीन का निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा।

किराये के मकान में आर्केस्ट्रा डांसर का मिला शव

भदोही। सुरियावां कोतवाली क्षेत्र के संजयनगर, असईपुर गांव में सोमवार की देर शाम किराये के मकान में आर्केस्ट्रा डांसर आरती उर्फ शिवानी (28) का शव मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान है। भाई ने हत्या की आशंका जताई है। वह हंडिया, प्रयागराज की रहने वाली थी। वह विवाहित थी। बीते एक साल से असईपुर गांव में किराये के कमरे में रहती थी। वह

आजमगढ़ समाचार

दो दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला

महाराजगंज। नवबरार देवारा जदीद किता दोयम गांव निवासी जयप्रकाश यादव (42) का शव मंगलवार की सुबह तालाब में मिला। युवक दो दिन पहले 12 जुलाई को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जयप्रकाश के घर नहीं लौटने पर परिजनों और रिश्तेदारों ने खोजबीन की। लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह औघड़गंज बाजार से लगभग 200 मीटर पहले गोवर्धन ढाल के पास स्थित तालाब में उसका शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पहचान की। जयप्रकाश अपने चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वे एक निजी स्कूल में बस चालक थे। उनकी शादी हुई थी। तीन साल पहले वे पत्नी से अलग हो चुके थे। थानाध्यक्ष जयप्रकाश ने बताया कि तालाब से एक शव मिला। परिजनों ने पहचान कर ली है।

गोरखपुर समाचार

लव मैरिज करने वाले नगर निगम कर्मी की लाश मिली

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता स्थित पार्क में बुधवार सुबह करीब 9 बजे नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में एक संविदा कर्मी का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो पहले संविदाकर्मी ने लव मैरिज की थी। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन इसे हत्या बता रहे है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गीडा के नौसड़ निवासी मुकेश पासवान (20) पुत्र मनोज पासवान के रूप में हुई है। वह नगर निगम में संविदा पर वाहन चालक के रूप में कार्यरत था। बुधवार सुबह उसकी ड्यूटी वाली कूड़ा उठाने वाली गाड़ी बेतियाहाता स्थित पानी की टंकी परिसर में खड़ी मिली। गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर मुकेश का शव पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। परिजनों के मुताबिक, मुकेश ने करीब दो महीने पहले पड़ोस के गांव की दूसरी जाति की युवती राधा निषाद से प्रेम विवाह किया था। इस शादी से दोनों परिवार नाराज थे। पारिवारिक विरोध के चलते मुकेश अपनी पत्नी के साथ गोरखपुर शहर में किराए के मकान में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पत्नी पति का शव देखकर बेसुध हो गई। पुलिस उससे भी पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि शादी के बाद दंपती को किसी प्रकार की परेशानी या धमकी का सामना करना पड़ा था या नहीं।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

गाजीपुर समाचार

गुणवत्ता से समझौता नहीं, बाजार की मांग के अनुसार बनाएं उत्पाद : डीएम

रेवतीपुर/सेवराई। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बाजार की जरूरत के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने होंगे। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षण और सर्टिफिकेशन भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग और बिक्री सुनिश्चित हो सके।

यह बात जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मंगलवार को भदौरा और रेवतीपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संवाद कार्यक्रम में कही।

डीएम ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली। कहा कि ऐसे उत्पाद तैयार किए जाएं, जिनकी बाजार में अधिक मांग हो और उनकी गुणवत्ता बेहतर हो।

चंदौली समाचार

खड़े डंपर से भिड़ा ट्रक, डेढ़ घंटे केबिन में फंसा रहा चालक, अस्पताल में मौत

पीडीडीयू नगर। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मंगलवार तड़के सड़क हादसे में बिहार के एक ट्रक चालक की जान चली गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशसराय गांव के पास सड़क पर खड़े बालू लदे डंपर से तेज रफ्तार ट्रक पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक केबिन में फंस गया। करीब डेढ़ घंटे रेस्क्यू के बाद उसे बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब चार बजे बिहार से मुगलसराय की ओर आ रहा एक ट्रक एनएच-19 पर जगदीशसराय के पास पहुंचा था। इसी दौरान सड़क पर तेल खत्म होने के कारण बीच मार्ग में खड़े बालू लदे डंपर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रक चालक विकास कुमार (32) निवासी रंगू डिगहा, पोस्ट मलहरा, जिला औरंगाबाद (बिहार) केबिन में बुरी तरह फंस गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त केबिन को काटने और चालक को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद चालक को बाहर निकाला गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के चलते कुछ समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा।

जौनपुर समाचार

बंद मकान में मिले शव की मौत स्वाभाविक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि

जौनपुर। शेखजादा मोहल्ले में बंद मकान से सड़ी-गली अवस्था में मिले ज्ञानेंद्र वर्मा उर्फ सबलू (48) की मौत स्वाभाविक कारणों से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। बीते शनिवार को कई दिनों से बंद पड़े मकान से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां ज्ञानेंद्र का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने चार-पांच दिन पहले मौत होने की आशंका जताई थी। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति या बाहरी चोट के साक्ष्य नहीं मिले हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दी गई है। ज्ञानेंद्र अविवाहित थे। पैतृक संपत्ति मिलने के बाद वह घर में अकेले रहते थे।

सोनभद्र समाचार

नहर में नहाते समय किशोर डूबा, तीन घंटे बाद मिला शव

रामगढ़। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के पनिकप कला गांव के पास कर्मनाशा कट नहर के चौथे साइफन के निकट मंगलवार शाम नहाने के दौरान सनी (15) नहर में डूब गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसकी तलाश शुरू की। साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बरामद हुआ।

केतार गांव निवासी विजेंद्र चेरो का पुत्र सनी (15) अपने दोस्तों के साथ दोपहर करीब चार बजे नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। साथियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पन्नूगंज पुलिस स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से किशोर की तलाश में जुटी रही। शाम करीब साढ़े सात बजे सनी को बाहर निकाला गया। परिजन उसे लेकर तियरा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। उधर म्योरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को रिहंद डैम में नहाते समय शिवम गुप्ता (13) गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास से उसे पानी से बाहर निकाला। सीएचसी के डॉक्टरों ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पड़री ग्राम पंचायत के चपरा टोला स्थित खंता पिकनिक स्पॉट पर जितेंद्र गुप्ता का पुत्र शिवम अन्य बच्चों के साथ डैम में नहा रहा था, तभी वह गहरे पानी में चला गया।

शिवम को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया।

किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

सोनभद्र। जौनपुर जिले के मछलीशहर स्थित एक मदरसे से माह भर पूर्व कलाम पाक (कुरान मजीद) की पढ़ाई कर लौटी रुखसाना (17) का शव रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के तकिया में सोमवार की देर शाम उसी के कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के वक्त किशोरी घर पर अकेली थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताते हैं कि रुखसाना पुत्री ताहिर सोमवार को घर पर अकेली थी। परिवार के सदस्य कामकाज के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। देर शाम सात बजे के करीब घर लौटे तो देखा कि उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो खिड़की से झांका गया। अंदर फंदे से रुखसाना का शव लटकता देख सन्न रह गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई शाहिद ने बताया कि घर में कहीं ऐसी कोई बात नहीं थी जिससे उसे ऐसा कदम उठाना पड़े। परिवार के किसी सदस्य से उसका विवाद भी नहीं हुआ था। माह भर पहले ही वह जौनपुर जिले में स्थित मकदुम शाह मदरसे से कलाम पाक की पढ़ाई पूरी कर लौटी थी। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि मंगलवार की दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवारवालों को सौंप दिया गया।

सुल्तानपुर समाचार

स्कूल गेट के सामने ई रिक्शा की चपेट में आई छात्रा, मौत

भदैंया। कोतवाली देहात के पखरौली कंपोजिट विद्यालय के बाहर मंगलवार सुबह बेकाबू ई रिक्शा की चपेट में आने से कक्षा एक की छात्रा अश्विनी की मौत हो गई। हादसे के बाद विद्यालय प्रशासन की लापरवाही सामने आने पर बीएसए ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक कविता कनौजिया को निलंबित कर दिया है। उन्होंने अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों की भूमिका के जांच के भी निर्देश दिए हैं। फतेहपुर गांव निवासी दिनेश कुमार प्रजापति की बड़ी पुत्री अश्विनी (6) का चार दिन पहले ही पखरौली कंपोजिट विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश हुआ था। मंगलवार सुबह स्कूल पहुंची थी। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 11 बजे वह किसी तरह स्कूल गेट से बाहर निकल गई। तभी सड़क से गुजर रहे एक अनियंत्रित ई रिक्शा की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अश्विनी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक वाहन सहित घटनास्थल से भाग निकला। हादसे का पता चलने के बाद कोतवाली देहात पुलिस और बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता घटनास्थल पहुंचे। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अश्विनी का विद्यालय में महज चार दिन पहले ही प्रवेश हुआ था। उसके पिता दिनेश कुमार प्रजापति गुजरात के सूरत में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। परिवार में अश्विनी सबसे बड़ी संतान थी जबकि उसकी छोटी बहन प्रीति (04) है। बेटी की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय के मुख्य गेट की कुंडी काफी समय से टूटी हुई थी। गेट को केवल चेन के सहारे बंद किया जाता था, जिसे बच्चे आसानी से खोलकर बाहर निकल जाते थे।

प्रयागराज समाचार

83 बीघा सरकारी पहाड़ पर कब्जा:कंटीले तार-पिलर गाड़कर प्लॉटिंग

प्रयागराज। पहाड़ पर कब्जा कर लिया गया। करीब 83 बीघा सार्वजनिक खाते की सरकारी पहाड़ भूमि पर भू माफिया ने अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी। कंटीले तार, पिलर, खंभे गाड़े जाने लगे। लोकेशन की वजह से रेट चढ़ने लगे। प्लॉटिंग की शिकायत से हंगामा खड़ा हो गया। लेखपाल प्राची सिंह की तहरीर पर एके ड्रीम सिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक समेत 19 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू हुई है। 5 जुलाई को दर्ज एफआईआर में भाजपा से जुड़ा ग्राम प्रधान भी पहले नंबर पर है। मामले में किसानों के बयान दर्ज हो रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक टीम पहाड़ी सिटी को लेकर पूछताछ कर रही है। यह पूरा मामला लालापुर थाना क्षेत्र के गोल्हैया गांव स्थित पहाड़ी इलाके का है। संगम नगरी के यमुनापार का बहुत सारा इलाका पहाड़ी क्षेत्र है। ये पहाड़ी इलाके आगे जाकर रीवां, सेहागी पहाड़ी से मिलते हैं। भू माफिया की नजर पहाड़ी भूमि पर प्लॉटिंग और पहाड़ी सिटी बनाने पर पड़ी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से गोलमाल शुरू हुआ। लालापुर के गोल्हैया गांव में स्थित सरकारी पहाड़ भूमि पर अचानक से अवैध कब्जे और प्लॉटिंग शुरू की गई। मामला लखनऊ तक पहुंचा। इसके बाद अपर मुख्य सचिव गृह गोपन वीजा पासपोर्ट एवं सतर्कता विभाग उप्र शासन की ओर से पत्र जारी कर कार्रवाई के लिए कहा गया। शिकायत के बाद एसडीएम बारा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम जांच को पहुंची। मौका मुआयना कर विस्तृत निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि सार्वजनिक उपयोग के लिए दर्ज सरकारी पहाड़ की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लॉट काटे जा रहे थे। भूमि का स्वरूप बदलने का प्रयास किया जा रहा था। इसके बाद लेखपाल प्राची सिंह ने लालापुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। एफआईआर में एके ड्रीम सिटी प्रा. लि. के निदेशक नीरज कुमार कुशवाहा निवासी कनिहार हेतापुर झूंसी समेत 19 लोगों को आरोपी बनाया गया। शंकरलाल पांडेय निवासी लालापुर, राजनाथ निवासी पूरा फतेह नैनी, बृजेश नाथ निवासी नैनी, उमेश नाथ नैनी, रेखा तिवारी नैनी, कमलेश तिवारी नैनी, रत्नेश तिवारी नैनी, प्रभात कुमार लालापुर, रामदेव लालापुर, सुखदेव लालापुर, जयदेव लालापुर, जगदेव लालापुर, सचिन लालापुर, पीयूष लालापुर, अनीता लालापुर, नीरज कुमार कुशवाहा झूसी, आनंद मिश्रा ठाणे, महाराष्ट्र, पूनम मिश्रा ठाणे, महाराष्ट्र। एफआईआर में पहले नंबर पर शंकरलाल पांडेय का नाम दर्ज है। आरोपी शंकरलाल भटपुरा गांव का भाजपा का ग्राम प्रधान है। उसकी भाजपा के तमाम नेताओं के साथ तस्वीरें हैं। शंकरलाल लंबे वक्त से भाजपा युवा मोर्चा से जुड़ा रहा। पुलिस ने पहाड़ पर कब्जे में एफआईआर में भाजपा नेता और प्रधान शंकरालाल पांडेय का नाम सबसे ऊपर लिखा है।

लाइफ मंत्र

भगवान शिव का सबसे बड़ा भक्त था पहला कावड़िया जानें, कब से शुरू हुआ आस्था का सैलाब

भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए सावन का महीना किसी उत्सव से कम नहीं होता। साल 2026 में कावड़ यात्रा को लेकर अभी से उत्साह देखा जा रहा है। भक्ति, तपस्या और अटूट श्रद्धा की मिसाल मानी जाने वाली यह यात्रा इस बार 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने जा रही है। इस महीने में भगवान शिव के भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं, जिसमें वे दूर-दूर से गंगाजल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा उत्तर भारत के राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और बिहार में विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

कब से कब तक चलेगी कावड़ यात्रा?

स्रोतों के अनुसार, कावड़ यात्रा का विधिवत समापन 28 अगस्त 2026 को होगा। हालांकि, यात्रा का सबसे मुख्य और महत्वपूर्ण पड़ाव 11 अगस्त 2026 को होगा, क्योंकि इस दिन सावन शिवरात्रि मनाई जाएगी। अधिकतर श्रद्धालु इसी दिन पवित्र गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करते हैं।

जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त

वैसे तो सावन के पूरे महीने में जल चढ़ाना फलदायी माना गया है, लेकिन सावन सोमवार, नाग पंचमी और सावन शिवरात्रि का विशेष महत्व है। 11 अगस्त 2026 को सावन शिवरात्रि के दिन जलाभिषेक के लिए पूरा दिन शुभ मुहूर्त रहेगा।

कांवड़ यात्रा क्या है?

कांवड़ यात्रा में शिवभक्त पवित्र नदियों, खासकर गंगा नदी से जल भरकर अपने पैदल यात्रा के माध्यम से भगवान शिव के मंदिरों तक जाते हैं। यह जल वे सावन शिवरात्रि या किसी विशेष दिन भगवान भोलेनाथ को अर्पित करते हैं। कांवड़िए नारंगी या केसरिया वस्त्र पहनते हैं और 'बोल बम' के जयकारों के साथ चलते हैं। पूरे रास्ते में ये भक्त नंगे पांव चलते हैं और कोई गलत या अपवित्र काम नहीं करते।

कांवड़ यात्रा की शुरुआत किसने की?

इस विषय में कई धार्मिक मान्यताएं और कहानियां जुड़ी हैं:

परशुराम से जुड़ी मान्यता

कहा जाता है कि भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की थी। उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर बागपत के पास स्थित शिव मंदिर में जल अर्पित किया था।

श्रवण कुमार की कथा

त्रेता युग में श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा पर ले गए थे। वह उन्हें हरिद्वार लाए और गंगाजल भरकर लौटे। यह भी एक कारण है कि कांवड़ यात्रा को सेवा, भक्ति और त्याग का प्रतीक माना जाता है।

रावण और गंगाजल की कहानी

एक कथा के अनुसार, लंकेश्वर रावण ने हिमालय से गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया था। जब भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले विष को पीकर अपना कंठ नीला किया था, तब गंगाजल से अभिषेक करके उन्हें ठंडक दी गई थी।

Nutritionist ने बताया कैसे Blueberries से बेहतर है ये देसी फल, इसकी चटनी बनाकर खाने से मिलेंगे कई फायदे

हेल्थ एक्सपर्ट लीमा महाजन के मुताबिक, अगर करौंदे की भी ब्लूबेरी की तरह तगड़ी मार्केटिंग की गई होती, तो आज ये इतना सस्ता नहीं मिलता। इसमें ब्लूबेरी से भी कहीं ज्यादा न्यूट्रिशन छिपा है। यह फल भले ही छोटा और कम आंका जाता हो, लेकिन इसके फायदे बड़े-बड़े हैं। करौंदे में फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और एंथोसायनिन जैसे कमाल के कंपाउंड्स होते हैं। जब भी हेल्थ और फिटनेस की बात आती है, तो हममें से ज्यादातर लोग महंगे विदेशी फूड्स जैसे ब्लूबेरी के पीछे भागने लगते हैं, भले ही वो जेब पर कितने भी भारी पड़ें। लेकिन हम अपने देश के उन देसी सुपरफूड्स को भूल जाते हैं जो सस्ते भी हैं और आसानी से मिल भी जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट लीमा महाजन के मुताबिक, अगर करौंदे की भी ब्लूबेरी की तरह तगड़ी मार्केटिंग की गई होती, तो आज ये इतना सस्ता नहीं मिलता। इसमें ब्लूबेरी से भी कहीं ज्यादा न्यूट्रिशन छिपा है।

न्यूट्रिशन का पावरहाउस है यह छोटा सा फल

यह फल भले ही छोटा और कम आंका जाता हो, लेकिन इसके फायदे बड़े-बड़े हैं।करौंदे में फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और एंथोसायनिन जैसे कमाल के कंपाउंड्स होते हैं। यह खाने के बाद आपके ब्लड शुगर लेवल को स्पाइक होने से रोकता है, हार्ट और लिवर को बिल्कुल फिट रखता है, और आपकी स्किन को लंबे समय तक यंग बनाए रखता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद फाइबर और पेक्टिन आपके डाइजेशन को एकदम सेट रखते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें भरपूर आयरन और विटामिन सी होता है, जिससे शरीर में खून की कमी नहीं होती।

डाइट में कैसे करें शामिल?

जुलाई से सितंबर के बीच मिलने वाले इस मौसमी फल का फायदा उठाने का सबसे बेस्ट तरीका है इसकी चटपटी चटनी। इसे बनाना बेहद आसान है। बस करौंदा, प्याज, लहसुन, हरी या सूखी लाल मिर्च, साबुत धनिया, जीरा और नमक को एक साथ ब्लेंडर में पीस लें। आपकी टेस्टी और हेल्दी देसी चटनी तैयार है, जिसे आप अपने रोज के खाने के साथ एन्जॉय कर सकते हैं।

Muscle Building की होड़ में कहीं Kidney Stone का शिकार तो नहीं हो रहे आप? जानें Protein Intake का सही पैमाना

अक्सर लोग फिटनेस के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन लेने को सबसे जरूरी मानते हैं। वहीं वेट लॉस करने की कोशिश कर रहे लोग हों या फिर मसल्स बनाने की चाहत के लिए भी हाई प्रोटीन डाइट काफी चर्चा में रहती है।

शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए लोग कई तरह की कोशिश करते हैं। खानपान से लेकर नियमित जिम जाने जैसे जरूरी उपाय करते हैं। लेकिन इसके साथ कुछ सावधानियां भी रखनी चाहिए।

अक्सर लोग फिटनेस के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन लेने को सबसे जरूरी मानते हैं। वहीं वेट लॉस करने की कोशिश कर रहे लोग हों या फिर मसल्स बनाने की चाहत के लिए भी हाई प्रोटीन डाइट काफी चर्चा में रहती है।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक शरीर को नियमित प्रोटीन की जरूरत होती है। मांसपेशियों, स्किन, हड्डियों और कई जरूरी फिजिकल प्रोसेस के लिए प्रोटीन जरूरी है। लेकिन किसी भी पोषक तत्वों की तरह प्रोटीन की अधिकता भी खतरनाक हो सकती है। जरूरत से ज्यादा प्रोटीन का सेवन किडनी पर गंभीर असर डाल सकती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा प्रोटीन लेने से सेहत अच्छी होने की बजाय किडनी की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

किडनी की समस्याएं

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक किडनी खून को फिल्टर करके और शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन लंबे समय तक जरूरत से ज्यादा प्रोटीन लेने से किडनी को अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

इससे फिल्ट्रेशन पर एक्स्ट्रा दबाव बढ़ सकता है। कुछ मामलों में क्रिएटिनिन और यूरिया जैसे लेवल बढ़ने लगते हैं। यह किडनी की कार्यप्रणाली पर असर का संकेत हो सकता है।

एक्सपर्ट भी मानते हैं कि पशुओं से मिलने वाले ज्यादा प्रोटीन का सेवन कुछ लोगों में किडनी स्टोन के जोखिम को बढ़ा सकता है।

ज्यादा प्रोटीन लेने से किडनी पर असर

कई अध्ययनों में पाया गया है कि ज्यादा हाई प्रोटीन डाइट लेने से किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

वहीं जिन लोगों को पहले से किडनी रोग, हाई बीपी या डायबिटीज की समस्या है। उनमें यह एक्स्ट्रा दबाव की समस्या को बढ़ा सकता है।

पर्याप्त पानी न पीने और बहुत ज्यादा पशु-आधारित प्रोटीन लेने से कुछ लोगों में यूरिक एसिड और कैल्शियम से संबंधित पथरी बनने का खतरा बढ़ सकता है।

कितना प्रोटीन लें

एक सामान्य हेल्दी व्यक्ति के लिए रोजाना प्रति किलोग्राम शरीर के वेट पर करीब 0.8 ग्राम प्रोटीन पर्याप्त माना जाता है।

अगर किसी व्यक्ति का वेट 60 किलो है। तो उनको करीब 48 ग्राम प्रोटीन की रोजाना जरूरत हो सकती है।

हालांकि यह मात्रा फिजिकल एक्टिविटी, उम्र, बीमारी और मांसपेशियों की स्थिति के हिसाब से बदल सकती है। जो लोग रोजाना हैवी एक्सरसाइज करते हैं या एथलीट हैं। उनको एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक ज्यादा प्रोटीन की जरूरत हो सकती है।

किडनी को ऐसे रखें हेल्दी

किडनी को हेल्दी रखने के लिए संतुलित लाइफस्टाइल सबसे जरूरी है।

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। वहीं जरूरत के हिसाब से प्रोटीन लेना, ज्यादा नमक का सेवन और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

नियमित फिजिकल एक्टिविटी, हेल्दी वेट मेनटेन रखने, ज्यादा धूम्रपान और शराब के सेवन से बचना भी किडनी की सुरक्षा में मदद करता है।

अगर किसी को हाई बीपी या डायबिटीज है, तो इन बीमारियों को भी कंट्रोल में रखना जरूरी है।

बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं या सप्लीमेंट का सेवन नहीं करना चाहिए।

साधारण Food Poisoning समझने की भूल न करें, E. Coli संक्रमण पेट में मचा सकता है तबाही

ई कोलाई एक तरह का बैक्टीरिया है। जो अधपके मांस, संक्रमित पानी, दूषित खाने या फिर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि कहीं आप भी तो इस संक्रमण का शिकार नहीं हैं।

क्या आप भी इन दिनों ऐंठन, पेट में दर्द और गैस जैसी समस्या से परेशान रहते हैं। अगर आपको बार-बार यह समस्याएं हो रही हैं, तो इसके पीछे के कारणों को भी जान लेना जरूरी है। कई बार ज्यादा मसालेदार और तला-भुना खाना खाने से पेट संबंधी समस्याएं होती हैं। वहीं कई बार ई. कोलाई जैसे संक्रमण की वजह से भी आपके पेट में गड़बड़ी हो सकती है।

बता दें कि ई कोलाई एक तरह का बैक्टीरिया है। जो अधपके मांस, संक्रमित पानी, दूषित खाने या फिर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। हालांकि इस बैक्टीरिया की कई किस्में हमारी आंतों में हमेशा मौजूद रहती हैं। लेकिन जब कुछ विशेष रोग पैदा करने वाले स्ट्रेन शरीर में प्रवेश करते हैं, तो समस्याएं ज्यादा बढ़ जाती हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि कहीं आप भी तो इस संक्रमण का शिकार नहीं हैं। वहीं इससे अपना बचाव कैसे कर सकते हैं।

कहीं आपको भी तो नहीं हुआ संक्रमण

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक गर्मी और मॉनसून के दिनों में इस संक्रामक रोग का खतरा सबसे ज्यादा देखा जाता है। खासतौर पर बारिश का मौसम, दूषित पानी, बिना धुले फल-सब्जियां, अधपका खाना और साफ-सफाई का ध्यान न रखना संक्रमण के जोखिम को बढ़ा देता है। कई बार यह संक्रमण हल्का होता है और अपने आप सही हो जाता है। वहीं छोटे बच्चों, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों और बुजुर्गों में यह संक्रमण समस्या पैदा कर सकता है। अगर पेट में लगातार मरोड़, खून वाला दस्त, बुखार, तेज दर्द या डिहाइड्रेशन के संकेत दिखते हैं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

जानें ई. कोलाई के खतरे

वैसे तो यह बैक्टीरिया हमारी आंतों में सामान्य रूप से मौजूद रहते हैं। वहीं इससे कोई समस्या नहीं होती है। लेकिन इसके कुछ स्ट्रेन संक्रमण पैदा कर सकते हैं। इस संक्रमण को गंभीर दस्त और आंतों की सूजन को बढ़ाने वाला माना जाता है। इसके लक्षणों में ऐंठन, दस्त, पेट दर्द, मतली, उल्टी और पेट भारी लगना आदि शामिल है। वहीं कुछ गंभीर लक्षणों में बुखार और खूनी दस्त की समस्या हो सकती है। गंभीर संक्रमण होने पर दस्त की वजह से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है।

जानें कैसे फैलता है संक्रमण

अगर आप दूषित पानी या खाना खा रहे हैं, तो ई कोलाई संक्रमण होने का खतरा हो सकता है। अगर सब्जियां और फल बिना धोए खा लेते हैं, मांस अधपका हो तो इससे भी खतरा हो सकता है। वहीं संक्रमित व्यक्ति के शौच के बाद हाथों को अच्छे से न धोने पर भी बैक्टीरिया फैल सकता है।

कैसे करें बचाव

यह संक्रमण साफ-सफाई की कमी की वजह से होता है। इसलिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। अपने हाथों को पानी और साबुन से अच्छे से धोना जरूरी है। खाने को अच्छे से पकाएं, साफ पानी पिएं और फल-सब्जियों को अच्छे से धोने के बाद ही खाएं। अगर आपको दस्त हो रहा है, तो खूब पानी पिएं और तरल पदार्थ लेते रहें। डॉक्टर की सलाह के बिना एंटी-बायोटिक या फिर किसी दूसरी दवा का सेवन न करें, वरना समस्या बढ़ सकती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
Govt Regd. Estd, 1948
डॉ. राना
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ